दिनांक– 16 जुलाई, 2024

विश्व सर्प दिवस – 16 जुलाई

सांप धरती ग्रह पर विकसित अत्यन्त महत्वपूर्ण सरीसृप प्राणि है जिनके पर्यावरण में योगदान को देखते हुये प्रतिवर्ष सर्पों के प्रति जन–जागरूकता के उददेश्य से 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज दिनांक 16–07–2024 को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में सर्पों के प्रति जागरूकता हेतु कार्यकृम आयोजित किया गया। धरती ग्रह पर लगभग 3000 सांपों की प्रजातियां पायीं जाती हैं जिनमें से करीब 300 सांपों की प्रजातियां हमारे भारत देश में निवास करती हैं। कोबरा, वाइपर, अजगर, रैट स्नेक आदि अनेकों प्रजातियों के विषैले और विषहीन सांप प्रकृति निर्धारित खाद्य श्रंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चूहों का भक्षण कर सांप हमारी फसलों और खाद्यानों की सुरक्षा करते हैं इसी कारण सांपों को किसानों का मित्र भी कहा जाता है। कीटनाशकों का प्रयोग, वनों के विनाश और लोगों द्वारा सांपों को भयवश मारे जाने के चलते इनकी आबादी पर संकट मंडरा रहा है। आज हमें जरूरत है कि हम सांपों का प्राकृतिक महत्व समझें और इनका संरक्षण करें। सांप जैसे प्राणियों की बदौलत ही पर्यावरण एवं जैवविविधता में संतुलन बना हुआ है।

विश्व सर्प दिवस के अवसर पर श्रीमती नीना कुमार, शिक्षाधिकारी, प्राणि उद्यान, लखनऊ के नेतृत्व में स्कूली बच्चों हेतु सर्पों से सम्बन्धित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 125 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विजयी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों का विवरण निम्नवत् है–

जूनियर वर्ग–

क्र0सं0	नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम
1	अमन शुक्ला	8	बाल विद्या मंदिर हाई स्कूल, नरही, लखनऊ
2	मुस्कान कुमारी	7	टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गोमती नगर, लखनऊ
3	सूरज	6	सरस्वती इण्टर कन्या कॉलेज, लखनऊ

सीनियर वर्ग–

क्र0सं0	नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम
1	महक रावत	12	टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गोमती नगर, लखनऊ
2	अंशिका गुप्ता	9	सरस्वती इण्टर कन्या कॉलेज, लखनऊ
3	सफ्फान मिर्जा	9	बाल विद्या मंदिर हाई स्कूल, नरही, लखनऊ

सांत्वना परस्कार–

क्र0सं0	नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम
1	अनुष्का यादव	11	टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गोमती नगर, लखनऊ
2	मोनिका राजभर	10	सरस्वती इण्टर कन्या कॉलेज, लखनऊ
3	नंदिनी कश्यप	6	टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गोमती नगर, लखनऊ

(ह0)
(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ।